प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 03.09.2024   समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार.

- प्रदेश में बनेंगे 313 वृन्दावन गाँव, पुस्तकालय की सुविधा के साथ गीता भवन भी खोले जायेंगे।
- इंदौर से मनमाड़ के बीच नई रेलवे लाइन 2029 तक होगी शुरू, 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन ।
- अब राज्य शासन की सभी योजनाओं और सेवाओं के पंजीयन में समग्र आईडी ही होगी मान्य ।
- स्टेट म्यूजियम से करोड़ों रुपए के 100 से ज्यादा सिक्के हुए चोरी, चोर भी तुरंत पकड़ा गया ।

मंत्रिमंडल बैठक

राज्य मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में वृंदावन गांव को हरी झंडी दी गयी। हर विकास खंड में यह योजना लागू होगी और इसके अंतर्गत 313 गांव चिन्हित किए जाएंगे. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस सम्बन्ध में कार्य योजना बनाने का कम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को सौंपा गया है।

राजेंद्र शुक्ल

मंत्रिमंडल ने सभी निकायों में गीता भवन खोलने को भी मंजूरी दे दी है.गीता भवनों में पुस्तकालय पर खास ध्यान दिया जायेगा.जावद और नीमच में 4 हजार 197 करोड़ की सिंचाई परियोजना, सागर और रीवा में रीजनल इंडस्ट्रीयल कान्क्लेव का आयोजन, नर्मदापुरम में 227 एकड़ में नवीकृत ऊर्जा परियोजना, मुरैना में फुटवेयर एसेसरीज पार्क, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह समिति का गठन जैसी योजनाओं को भी मंजूरी दी गयी।

नयी रेल लाइन

इंदौर से मनमाड़ के बीच नई रेलवे लाइन पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलेगी। इस ट्रैक पर कवच सिस्टम भी लगेगा । नयी रेल लेने पर प्रदेश में 17 नए स्टेशन बनाए जाएंगे। चार जगह रेलवे गोदाम बनेंगे। इस ट्रैक का फ्रेट कॉरिडोर की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह जानकारी आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में दी. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअल रूप से जुड़े थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 309 किमी लंबा ये प्रोजेक्ट 2029 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने बताया कि इस रूट पर अभी सिंगल लाइन डाली जाएगी, लेकिन सभी 35 रेलवे ओवरब्रिज को डबल लाइन के हिसाब से बनाया जाएगा। भविष्य में अगर इस रूट को डबल लाइन करना पड़े तो नए सिरे से ब्रिज नहीं बनाने पड़ेंगे।

**प्रधानमंत्री यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ब्रुनेई और सिंगापुर की यात्रा के पहले चरण में आज ब्रुनेई के बंदर सेरी बेगवान पहुंचे। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की यह पहली यात्रा है। श्री मोदी की यह यात्रा भारत और ब्रुनेई के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के सिलसिले में हो रही है।

यात्रा पर रवाना होने से पहले श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि ब्रुनेई और सिंगापुर की उनकी इस यात्रा से दोनों देशों और आसियान देशों के साथ भारत की भागीदारी और मजबूत होगी। श्री मोदी यात्रा के दूसरे चरण में कल सिंगापुर जायेंगे।

भारत-नवाचार सूचकांक

भारत ने विश्व बौद्धिक संपदा संगठन-डब्ल्यूआईपीओ द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक-जीआईआई 2023 संस्करण में एक सौ 32 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में 40वां स्थान हासिल किया है। नीति आयोग ने बताया कि भारत देशों के समूह का एक हिस्सा है, जो जीआईआई रैंकिंग में पिछले दशक में तेजी से आगे बढ़ा है। रिपोर्ट के अनुसार भारत पिछले दशक में नवाचार के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ा है। भारत का लगातार तेरहवें वर्ष नवाचार में बेहतर प्रदर्शन करने का रिकॉर्ड जारी है।

एलआईसी भ्रामक खबर

पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक यूनिट ने भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा जारी एक कथित नोटिस के बारे में अफवाहों का खंडन किया है कि वह इस महीने के अंत तक सभी बीमा उत्पादों और संशोधन योजनाओं को वापस लेने जा रही है। नकली नोटिस में दावा किया गया कि संशोधन से प्रीमियम और पॉलिसी के नियमों और शर्तों में बदलाव आएगा। फैक्ट चेक यूनिट ने कहा कि दावा फर्जी है और बीमा एजेंसी की ओर से ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है।

समग्र जरुरी

अब राज्य शासन की सभी योजनाओं और सेवाओं के पंजीयन में संबंधित व्यक्ति की ई-केवायसी सत्यापित समग्र आईडी ही मान्य की जायेगी। यह प्रावधान सभी के लिये अनिवार्य कर दिया गया है। नये दिशा-निर्देशों में सभी विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे

अपने विभागीय वेब एप्लीकेशन में इसके लिए आवश्यक संशोधन करें। मप्र स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन की तकनीकी टीम द्वारा समग्र इंटीग्रेशन के संबंध में समुचित सुझाव एवं तकनीकी सहायता दी जायेगी।

भाजपा सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्रिमंडल के सदस्यों को मिस्डकॉल के माध्यम से सदस्यता दिलाकर प्रदेश में संगठन पर्व का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जब भाजपा कार्यकर्ता लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने के लिए घर-घर संपर्क करें तो भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताएं और उन्हें एहसास दिलाएं कि भाजपा सरकार गरीबों के आंसू पोछने का कार्य कर रही है। वहीँ, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि संगठन पर्व सत्ता के लिए नहीं, परिवार विस्तार व देश निर्माण का अभियान है।

स्टेट म्यूजियम-चोरी

राजधानी भोपाल स्थित स्टेट म्यूजियम से करोड़ों रुपए के 100 से ज्यादा सिक्के चोरी हो गए। इनमें गुप्त काल से सल्तनत काल तक के सिक्के शामिल थे । हालाँकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोर को म्यूजियम परिसर ही पकड़ लिया। चोरी का पता चलते ही म्यूजियम में मौजूद होमगार्ड के जवानों ने म्यूजियम को चारों तरफ से बंद कर दिया। जिसके चलते बदमाश बाहर नहीं निकल पाया। वह दीवार फांदकर भागने की कोशिश कर रहा था, तभी नीचे गिर गया। पुलिस ने उसे म्यूजियम के अंदर से ही उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता

27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये प्रदेश की टीम का चयन 7 से 9 सितम्बर तक टीटी नगर स्टेडियम भोपाल एवं अन्य स्थानों पर किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष प्रतियोगिता में प्रदेश के दल ने 34 स्वर्ण सहित 90 पदक प्राप्त कर चौथा स्थान प्राप्त किया था।

समाचार संक्षेप में....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगरौली में एक कृषक की हत्या की घटना को दु:खद बताते हुए जिला प्रशासन को जाँच एवं आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।
- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 सितम्बर को मनाया जायेगा। इसमें 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलायी जायेगी। खण्डवा में आज जनपद पंचायत पंधाना में नोडल शिक्षक और आगंनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कृमिनाशक गोली खिलाने का प्रशिक्षण दिया गया।
- राजगढ़ जिले के चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टॉफ को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, रोग लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी विस्तृत रूप से आज प्रशिक्षण में दी गई।
- नर्मदापुरम जिले में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत महिला और बाल विकास विभाग परियोजना शहरी के सेक्टर तीन के अंतर्गत वार्ड 18 में रैली निकाली गई।

- नीमच में जन सुनवाई के दौरान आज 118 आवेदकों की समस्याएं सुनी गयी एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।
- भोपाल स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में दो दिवसीय कला धरोहर कार्यशाला के अंतर्गत आज निदेशक प्रो. रमाकांत पांडे और प्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका डॉ. सुभद्रा देसाई ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की 'लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा' में आज से भील समुदाय की चित्रकार सुनीता भावोर के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है।
- संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा मिट्टी के गणेश निर्माण एवं विभागीय प्रतिकृतियों की प्रशिक्षण कार्यशाला 4 सितम्बर को